प्रेस नोट

दिनांक 28.03.2025

महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन पर पुलिसकर्मियों का सम्मान एवं भोज।

प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूर्ण होने व महाकुंभ वर्ष 2025 के सफल आयोजन और सकुशल संपन्न कराए जाने के उपलक्ष्य में जनपद हमीरपुर के पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमान जिलाधिकारी, जनपद हमीरपुर तथा पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन, जनपद हमीरपुर में कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस भोज का भी आयोजन किया गया, जहां समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सहभागिता की। महाकुंभ 2025 में पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए कर्तव्यनिष्ठ कार्य, अथक प्रयास एवं समर्पण की सराहना की गई। उनकी निस्वार्थ सेवा और सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए किए गए योगदान को सम्मानित किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर ने पुलिसकर्मियों को भविष्य में भी अपने दायित्वों को पूर्ण मनोयोग और निष्ठा से निर्वाह के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।